प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्साधिकारी,**
जनपद– जौनपुर, उत्तर प्रदेश।

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / SS visit / जौनपुर / 01 / 2023–24 /** 9744 **दिनांक:** 14-03-2024

**विषय– सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में ।**

महोदया,

अवगत कराना है कि कार्यालय पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / एनएच0एम0 / एम0एण्डई0 / 2023–24 / 04 / 320–2 दिनांक 13.04.2023 के माध्यम से प्रदत्त दिशा–निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 18 से 19 जनवरी 2024 के मध्य जनपद जौनपुर में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या तैयार की गयी है, जो कि पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर कार्यवाही कराते हुये आख्या 07 कार्यदिवसों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

13/3/24

(डा0 पिंकी जोवल)
**मिशन निदेशक**

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / SS visit / जौनपुर / 01 / 2023–24 /** तद्दिनांक

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, एन0एच0एम0, जौनपुर, उ0प्र0।
2. समस्त महाप्रबंधक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वाराणसी–मण्डल, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, वाराणसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबंधक एवं जनपद स्तरीय परामर्शदाता मातृ स्वास्थ्य, जौनपुर, एन0एच0एम0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(डा0 लक्ष्मण सिंह)
**महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कार्यक्रम**

# जनपद–जौनपुर की सहयोगात्मक भ्रमण आख्या

(भ्रमण अवधि– दिनांक 18 से 19 जनवरी 2024)

राज्य स्तरीय टीम–

जनपदीय नोडल अधिकारी–डा0 लक्ष्मण सिंह, महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कार्यक्रम
सदस्य 1 रागिनी सिंह–परामर्शदाता, बाल स्वास्थ्य
सदस्य 2. पूजा देवी, कार्यक्रम समन्वयक, मातृ स्वास्थ्य

दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गयी इकाइयां/गतिविधियां–

1. जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय, जौनपुर।
2. एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0, बदलापुर।
3. एच0डब्ल्यूसी0, पी0एच0सी0 सिंगरामउ एवं एच0डब्ल्युसी0 उपकेन्द्र, तियारा तथा केराबाजार।
4. वी0एच0एन0डी0, कुशाहां।

मिशन निदेशक महोदया, एन0एच0एम0 उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 18 से 19 जनवरी 2024 के मध्य जनपद जौनपुर का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, स्वास्थ्य उपकेन्द्र तथा सामुदायिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। भ्रमण आख्या निम्नवत् है–

## एच0डब्लू0सी0 पी0एच0सी0–सिंगरामऊ।

| अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| डा0 अभिषेक वर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य स्टाफ चिकित्सालय में उपस्थित थें। | | |
| परिसर में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। परिसर की रंगाई–पुताई एवं ब्रैंडिंग करायी गयी है। | परिसर की साफ–सफाई मेण्टेन रखने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **दवाईयॉ एवं उपकरण** | | |
| दवाईयों एवं उपकरणों को व्यवस्थित तरीके से रखा गया था। एक भी कॉर्ड क्लैंप नहीं मिला, इस वर्ष कोई consumables प्राप्त नहीं हुए हैं। ऑक्सीटोसिन एवं 50 एमएल आई0एफ0ए0 सिरप की उपलब्धता नहीं थी। | समस्त दवाओं की उपलब्धता तथा दवाईयों एवं उपकरणों का रिकार्ड में रख–रखाव एवं भौतिक अवलोकन नियमित रुप से करते रहने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट/सी0एच0ओ0/प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **प्रसव केन्द्र–** | | |
| प्रसव कक्ष की बहुत ही जर्जर स्थिति थी तथा साफ–सफाई की उचित व्यवस्था नहीं है। कक्ष में बहुत ही सीलन थी। इकाई पर मीना वर्मा, ए0एन0एम0 द्वारा टीकाकरण किया जा रहा था, परन्तु बर्थ डोज नहीं दिया जा रहा था। | प्रसव कक्ष में उचित व्यवस्था तथा बर्थडोज लगाये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | ए0एन0एम0/प्रभारी चिकित्साधिकारी |

## एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0, बदलापुर, जनपद –जौनपुर

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | जनपद स्तर से कार्यवाही एवं दायित्व |
|---|---|---|
| परिसर में साफ–सफाई ब्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने व रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी |
| प्रसव कक्ष में 07 ट्रे उपलब्ध थी लेकिन मानकानुसार रख रखाव नहीं था। प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी उपलब्ध नहीं थी। | 7 ट्रे का मानकानुसार संरक्षित करने तथा प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी लगवाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव कक्ष में रखे हुए कलर कोडेड डस्टबिन यथा स्थान पर नहीं रखा हुआ था एवं प्रोटोकाल पोस्टर चस्पा नहीं है। | यथा स्थान पर रखवाया गया प्रोटोकाल पोस्टर को यथा स्थान पर चस्पा करना। | चिकित्सा अधीक्षक |

| | | |
|---|---|---|
| प्रसव रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट नहीं किया जा रहा है तथा केसशीट पूर्णतया नहीं भरी जा रही है तथा केसषीट पर आर0सी0एच0 नम्बर का अंकन नहीं किया जा रहा है। | प्रसव पंजीकरण तत्काल अपडेट करना। | स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| ऑक्सीटोसिन उपलब्ध नहीं था, ऑक्सीटोसिन की उपलब्धता सुनिष्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। | फार्मासिस्ट को आवष्यकतानुसार ससमय इन्डेंट देकर जिले से ऑक्सीटोसिन की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु कहा गया। | फार्मासिस्ट एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव कक्ष की खिडकी टूटी हुयी थी, जिसे ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया। | टूटी हुयी खिडकी ठीक कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| ब्लाक स्तरीय सर्पोटिव सुपरविजन प्लान उपलब्ध नहीं था। | सर्पोटिव सुपरविजन प्लान बनाकर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा भ्रमण किये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / बी0सी0पी0एम0 |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत प्रदान की जा रही सेवाओं के अनुसार भोजन पंजिका में लाभार्थी को डिस्चार्ज किये जाने का दिनांक व समय अंकित नहीं किया जा रहा है। | लाभार्थी को 48 घन्टे तक रोकने तथा डिस्चार्ज का दिनांक व समय भोजन पंजिका में अंकित करने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का साईन बोर्ड पी0एन0सी0 वार्ड नहीं लगा था। लाभार्थियों को भोजन मानकानुसार तथा समय पर नही दिया जा रहा है। | दिशा निर्देष के अनुसार जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों गुणवत्तापूर्ण भोजन दिए जाने तथा साप्ताहिक रूप से डाइट रजिस्टर को चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सीन कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्साअधीक्षक / सम्बन्धित स्टाफ |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप के रिकार्ड सही प्रकार से मेण्टेन नहीं किये जा रहे हैं। फालोअप की वास्तविक तिथि का अंकन कई जगह नहीं भरा था। | पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप का फालोअप की वास्तविक तिथि का अंकन किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ / चिकित्सा अधीक्ष |
| स्टोर में औषधियों एवं एक्सापायर मेडिसिन का रख रखाव व रजिस्टर इन्ट्री मानकानुसार नहीं था। | फार्मासिस्ट को औषधियों एवं एक्सापायर मेडिसिन का रख रखाव व रजिस्टर इन्ट्री मानकानुसार कराने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित फार्मासिस्ट / चिकित्सा अधीक्ष |
| लैब में करायी जा रही समस्त जांचों को लैब के बाहर प्रदर्शित किया जाना है। | लैब टैक्नीशियन को लैब के बाहर प्रिंटिंग कराये जाने हेतु कहा गया। | सम्बन्धित लैब टैक्नीशियन / चिकित्सा अधीक्षक |
| समस्त ए0एन0एम0 को डिजीटल हीमोग्लोबिनोमीटर के प्रयोग के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया जाये। | लैब टैक्नीशियन को क्लस्टर मीटिंग में हीमोग्लोबिनोमीटर के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित लैब टैक्नीशियन / चिकित्साअधीक्षक |
| एन0बी0एस0यू0 इकाई हेतु 01 स्टाफ नर्स नियुक्त हैं। 02 रेडिएण्ट वार्मर एवं 01 फोटोथैरैपी युनिट इकाइ में उपलब्ध थी। प्रोटोकॉल पोस्टर चस्पा थे। रजिस्टर एवं केस शीट भरी जा रही है, 1 से 18 जनवरी के मध्य 7 बच्चे इकाई में भर्ती हुए।<br><br>सी0एच0सी0 में बाल मृत्यु समीक्षा बैठक नहीं की जा रही है न ही MPCDSR पोर्टल पर बाल मृत्यु का अंकन किया जा रहा है HEO द्वारा अवगत कराया गया कि फॉर्मेट प्रिंट हो गए हैं शीघ्र रिपोर्टिंग की जाएगी। | मातृ मृत्यु समीक्षा के साथ ही बाल मृत्यु समीक्षा की नियमित बैठक किये जाने एवं पोर्टल पर नियमित अंकन किये जाने हेतु सुझाव दिया गया | चिकित्सा अधीक्षक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक / HEO |

वी0एच0एन0डी0, कुशाहां, जनपद–जौनपुर

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| वी0एच0एन0डी0 सत्र प्राथमिक स्कूल पर आयोजित किया जा रहा था। संविदा ए0एन0एम0, आषा तथा आंगनवाडी उपस्थित थी। | सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने एवं सभी अभिलेख पूर्ण/अद्यतन करने हेतु सुझाव दिया गया। आशा तथा ए0एन0एम0 को समस्त कार्यक्रमों से सम्बन्धित प्रशिक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | ब्लॉक स्तर पर– चिकित्सा अधिकारी/ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक/ ब्लाक कम्युनिटी प्रासेस मैनेजर |
| आशा के पास अपडेट डयु लिस्ट नहीं थी तथा आशा के समस्त रिकार्ड पूरी तरह भरे नहीं थें। वी0एच0आई0आर0 रजिस्ट्रर नहीं भरा जा रहा था। | | |
| गर्भवती/प्रसूता महिला, लक्षित दम्पत्ति सूची, एच0आर0पी0 सूची आदि उपलबध नहीं थी। हाई रिस्क प्रेगनेंसी का अलग से रजिस्टर उपलब्ध नहीं था तथा जो रजिस्टर उपलब्ध था, उसमें भी एच0आर0पी0 को चिन्हीकृत नहीं किया गया था। सत्र पर आई पांच माह की गर्भवती महिला कंचन जिसकी प्रथम त्रैमासिक जाँच 06 दिसंबर को हुई थी, को आयरन की गोलियां नहीं दी गई एवं उसकी 2 साल की बच्ची माहीं को आयरन सीरप नहीं दिया गया। सत्र पर आयरन सीरप की 50 ml की बोतल उपलब्ध थी परन्तु डिस्पैंसर नहीं था | | |
| आशा एवं ए0एन0एम0 को एच0आर0पी0 चिन्हीकरण, फॉलोअप एवं संस्थागत प्रसव हेतु दिये जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि के बारे में भी जानकारी नहीं थी। | | |

एच0डब्ल्यू0सी0 उपकेन्द्र, तियारा।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र में सी0एच0ओ0 अंकिता मौर्या उपस्थित थी तथा उपकेन्द्र पर 09 आशा एवं 01 ए0एन0एम0 कार्यरत हैं। उपकेन्द्र पर अपेक्षित 14 में 07 टेस्ट ही करे जा रहे थें। प्रसव कराये जा रहे हैं, तथा वहां पर लेबर रूम की स्थिति भी ठीक है। उपकेन्द्र परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था ठीक थी। सी0एच0ओ0 द्वारा लाभार्थियों की स्कीनिंग की जा रही थी, समस्त का ऑन–लाईन पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। उपकेन्द्र में केसशीट उपलब्ध नहीं थी। | शीघ्रातिशीघ्र केसशीट उपलब्ध कराये जाने तथा शतप्रतिशत लाभार्थियों का ऑन–लाइन पंजीकरण हेतु निर्देशित किया गया। | सम्बन्धित ए0एन0एम0 /सी0एच0ओ0/ बी0सी0पी0एम0/ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षक |

एच0डब्ल्यू0सी0 उपकेन्द्र, केराबजार।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र में सी0एच0ओ0 ए0एन0एम0, आषा तथा आंगनवाडी उपस्थित थी। उपकेन्द्र पर अपेक्षित 14 में 10 टेस्ट ही करे जा रहे थें। उपकेन्द्र पर प्रसव कराये जा रहे हैं, परन्तु लेबर रूम की स्थिति ठीक नहीं है। उपकेन्द्र परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था ठीक थी। सी0एच0ओ0 द्वारा लाभार्थियों की स्कीनिंग की जा रही थी। उपकेन्द्र में केसशीट उपलब्ध नहीं थी। | शीघ्रातिशीघ्र केसशीट उपलब्ध कराये जाने तथा शतप्रतिशत लाभार्थियों का ऑन–लाइन पंजीकरण हेतु निर्देशित किया गया। | सम्बन्धित ए0एन0एम0 /सी0एच0ओ0/ बी0सी0पी0एम0/ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षक |

जिला चिकित्सालय, जौनपुर

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| चिकित्सालय में साफ–सफाई की व्यवस्था ठीक थी। | | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / सम्बन्धित स्टाफ। |
| चिकित्सालय में स्थापित मन कक्ष में श्री विकास सिंह, पी0एस0डब्ल्यू0, श्री रामपाल, साइक्लोजिस्ट आदि उपलब्ध थे। दिनांक 19 जनवरी को भ्रमण किये जाने तक जीरो ओ0पी0डी0 थी तथा 18 जनवरी को 04 एवं 17 जनवरी को 03 ही लोगों की ओ0पी0डी0 की गयी थी। वित्तीय वर्ष 2023–24 में डिसएबिलटी प्रमाणपत्र 155 जारी किये गये हैं, जिसमें से 17 लो आई0क्यू0 वाले प्रमाणपत्र जारी किये गये हैं। | ओ0पी0डी0 को बढाया जाये तथा मन कक्ष को सुदृढ़ीकरण प्रचार प्रसार किया जाये। | पी0एस0डब्ल्यू / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / सम्बन्धित स्टाफ। |
| डा0 सैनदास, ब्लड बैंक इन्चार्ज एवं टीम उपस्थित थे। ब्लड बैंक में कम्पोनेंट यूनिट का लाईसेंस पेडिंग था। ब्लड बैंक में 83 ब्लड बैग उपलब्ध थें, जिसमें से 53 बी पॉजिटिव, 01 बी निगेटिव, 20 ओ पॉजिटिव 01 एबी पॉजिटिव तथा 03 ए पॉजिटिव उपलब्ध थे। | कम्पोनेंट यूनिट का लाईसेंस कराने तथा ब्लड कलेक्शन हेतु अधिक से अधिक कैम्प लगाये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | नोडल ब्लड बैंक / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / सम्बन्धित स्टाफ। |
| जिला चिकित्सालय में संचालित NRC के भ्रमण के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ. शशांक यादव एवं स्टाफ नर्स मीना NRC में उपस्थित थीं। 4 बच्चे इकाई में भर्ती थे। बच्चो के अभिभावकों द्वारा बताया गया कि उन्हें समय पर भोजन मिलता है कोई परेशानी नहीं है। यहाँ NRC में FD की नियुक्ति नहीं हुई है। 4 स्टाफ नर्स कार्यरत हैं जिनमें से एक स्टाफ नर्स को FD के कार्यः हेतु प्रशिक्षित किया गया है। | ईकाई में पूर्ण रूपेण FD को नियुक्त किये जाने की आवश्यकता है | नोडल एन0आर0सी0 / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / सम्बन्धित स्टाफ। |
| स्किन क्लीनिक में डा0 अमरदीप कुमार उपस्थित थें, जिन्होनें अप्रैल से दिसम्बर 2023 तक एम0बी0–02, पी0बी0–03 कुल 05 केस रिपोर्ट किये गये थें। वर्तमान में एम0बी0–02 तथा पी0बी0–01 रोगी का उपचार चल रहा है।<br>जनपद में 10 बेडेड जिरिएटिक वार्ड (NPHCE, NPPC) | जिरिएटिक वार्ड (NPHCE, NPPC) के समुचित उपयोग हेतु प्रयास किये जायें। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / सम्बन्धित स्टाफ। |
| ई0डी0एल0 सूची के अनुसार 298 दवाओं के सापेक्ष 173 दवायें उपलब्ध थीं। फार्मासिस्ट के पास एक्सपाएरी रजिस्टर नियमानुसार नहीं बना था। चिकित्सालय के बाहर प्रदर्शित ई0डी0एल0 को अपडेट नहीं किया गया था। | एक्सपाएरी रजिस्टर बनाये जाने, ई0डी0एल0 के अनुसार दवाओं की उपलब्धता तथा प्रदर्शित ई0डी0एल0 को नियमित रूप से अपडेट करने के सुझाव दिये गये। | फार्मासिस्ट / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / सम्बन्धित स्टाफ। |
| एन0सी0डी0 कार्यक्रम के अर्न्तगत डी0सी0पी0एम0 द्वारा आई0डी0 पासवर्ड बनाया जाना था, जिसे अबतक नहीं बनाया गया था, जिससे जनपद में समस्त सी0एच0सी0 / पी0एस0सी0 / अन्य भारत सरकार के पोर्टल पर रिपोर्ट नहीं कर पा रहे थे। | डी0सी0पी0एम0 को तत्काल आई0डी0 पासवर्ड बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | डी0सी0पी0एम0 / डी0पी0एम0 |

जिला महिला चिकित्सालय,जौनपुर

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| **चिकित्सालय को मुस्कान एवं कायाकल्प अवार्ड प्रदान किया गया है।** | | |
| केस षीट पूर्णतया नहीं भरी जा रही है तथा प्रसव रजिस्टर पर आर0सी0एच0 नम्बर अंकित नहीं किया जा रहा है। एच0आर0पी0 रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। | प्रसव रजिस्टर पर आर0सी0एच0 नम्बर का अंकन तथा केसशीट पूर्णतया भरे जाने तथा एच0आर0पी0 रजिस्टर बनाये जाने हेतु सुझसच दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका /नर्स मेण्टर/सम्बन्धित स्टाफ नर्स |
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में अधीक्षक महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि मशीनीकृत साफ सफाई नियमित रूप से की जा रही है। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने व अधिकारियों द्वारा रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका/ सम्बन्धित स्टाफ |
| लेबर रूम 100 बेडेड एम0सी0एच0 विंग में स्थानान्तरित किया गया था। लेबर रूम को प्रोटोकॉल पोस्टर, डिजीटल वॉल क्लॉक तथा अन्य सामग्री व्यवस्थि नहीं थी। ट्रायज एरिया बन हुआ था। | लेबर रूम को पूर्णतया व्यवस्थित कर फोटो सहित सूचना प्रेषित किये जाने हेतु नर्स मेण्टर को निर्देशित किया गया। | नर्स मेण्टर/सम्बन्धित स्टाफ/ मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| मानकानुसार डिलेवरी रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर, भरा नहीं जा रहा था। आर0सी0एच0 नम्बर उपलब्ध न होने के कारण भरे नहीं जा रहा थे। | मानकानुसार डिलेवरी रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर, ए0एन0सी0 रजिस्टर आदि भरे जाने का सुझाव दिया गया। | नर्स मेण्टर/सम्बन्धित स्टाफ/ मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| जिला महिला चिकत्सालय जौनपुर में संचालित SNCU का भ्रमण किया गया। इकाई 10 बेड पर संचालित है। 9 बेड वार्ड एरिया तथा एक बेड triage एरिया में स्थापित है। 4 बाल रोग विशेषज्ञ एवं 10 स्टाफ नर्स कार्यरत हैं। इकाई में 6 बेड inborn तथा 3 बेड outborn हेतु निर्धारित है । इकाई में साफ–सफाई एवं इन्फेक्शन प्रिवेंशन का ध्यान रखा गया था, प्रोटोकॉल पोस्टर चस्पा थे। भ्रमण के दौरान इकाई में 4 बच्चे भर्ती थे जिसमे से एक ऑउटबॉर्न था। भर्ती बच्चो की डाटा इंट्री FBNC पोर्टल पर की जा रही है, मृत बच्चों का डाटा MPCDSR पोर्टल पर भी अंकित किया जा रहा है। | बेड की उपलब्धता के अनुसार समुचित उपयोग किये जाने हेतु प्रयास किये जायें। | नोडल एस0एन0सी0यू0/सम्बन्धित स्टाफ/मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद–जौनपुर के साथ जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक

मिशन निदेशक महोदया, एन0एच0एम0 उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा द्वारा **उपरोक्त बिंदुओं पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद जौनपुर से वार्ता की गयी तथा उन्हें भ्रमण के दौरान प्रकाश में आई कमियों/सुधारात्मक कार्यवाही से अवगत कराया गया।** मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद जौनपुर द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शीघ्रातिशीघ्र सुधारात्मक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0, जनपदीय नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला मात् स्वास्थ्य परामर्शदाता, एन0सी0डी0 काउन्सलर आदि उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से भ्रमण के दौरान प्रकाश में आई कमियों/सुधारात्मक कार्यवाही पर चर्चा की गयी तथा आपरेशनल गाइडलाइन्स फॉर फाइनेन्शियल मैनेजमेंट में दिये गये निर्देशों के अनुसार लेखाभिलेखों को तैयार कराये तथा मैनुअल का जनपद एवं अधीनस्थ इकाईयों द्वारा पूर्णतः पालन किये जाने पर जोर दिया गया। बैठक में चर्चा के मुख्य बिन्दु निम्नवत है–राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमो की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा–

- बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ मदवार व्यय विवरण के माध्यम से वर्ष 2023–24 में जनपद को प्राप्त कुल धनराशि की मद वार एवं पूर्व वर्ष की कमिट धनराशि की मद वार व्यय विवरण की अध्यतन स्थिति पर समीक्षा की गयी जिसमें जनपद को वर्ष 2023--24हेतु विभिन्न कार्यक्रमो में मदवार भुगतान करने हेतु सुनिश्चित किया गया। जनपद को प्रत्येक मदो में प्राप्त धनराशि का भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष शत–प्रतिशत भुगतान हेतु निर्णय लिया गया।
- जनपद स्तर पर सर्पोटिव सुपर विजन सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किया जाए। भ्रमण के दौरान सम्बन्धित चेक लिस्ट को भरा जाए एवं जो गैप निकले उसमें सुधार किया जाए। भ्रमण पश्चात सभी अधिकारी/कर्मचारी अपना भ्रमण आख्या अपने उच्च अधिकारियों को प्रेषित करें।
- समस्त बी0सी0पी0एम0, को निर्देशित किया जाये कि रोगी कल्याण समिति के रजिस्टरो,वी0एच0एस0एन0सी0, का रिकार्ड, अन्टाइड का रिकार्ड/बैठक/कार्यवृत्ति को अपडेट रखेगें तथा नियमानुसार एच0बी0एन0सी0 व वी0एच0एन0डी0 कार्यक्रमो का अनुश्रवण करेगें एवं समस्त ब्लाक लेखा प्रबन्धक अपने समस्त लेखा/वित्तीय रिकार्ड को अपडेट रखेंगे।
- समुदाय आधारित गतिविधियों यथा परिवार नियोजन, मातृ–मृत्यु समीक्षा, आशा भुगतान, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, अनटाइड फन्ड एवं प्रधान मंत्री मातृ बंदना योजना की समीक्षा एवं भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष शतप्रतिशत भुगतान हेतु दिशा–निर्देश दिये गये।
- जिला लेखा प्रबन्धक, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता के साथ जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को निर्देश दिया गया कि जनपद की समस्त इकाइयों पर आवंटित बजट के सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा कर शतप्रतिशत भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए।
- ई–कवच पोर्टल के सम्बन्ध में डी0पी0एम0, डी0सी0पी0एम0 आदि को जानकारी का अभाव था, जिसके सम्बन्ध में जानकारी कर समस्त अधीनस्थ स्टाफ को ई–कवच पोर्टल का प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित किया जाए।
- बी0पी0एम0, बी0सी0पी0एम0 एवं एच0ई0ओ0 का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह भारत सरकार एवं राज्य स्तर से प्राप्त समस्त दिशा–निर्देशों से आशा एवं एन0एन0एम0 को क्लस्टर मीटिंग प्रशिक्षित करेगें।

**<u>भ्रमण दल द्वारा निम्नानुसार सुझाव दिये गये–</u>**

- ऑकड़ों की नियमित समीक्षा प्रत्येक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाए। भिन्नता की भी जॉच सुधार करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराये जाने का सुझाव दिया गया।
- भ्रमण की गई स्वास्थ्य इकाईयों के फीडबैक से अवगत कराते हुए सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने का सुझाव दिया गया।
- ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में समस्त जानकारियों से समुदाय स्तरीय कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए उनका क्षमतावर्धन किया जाये जिससे उपलब्धि बढ़ाई जा सके।
- प्रत्येक माह सामुदायिक कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा की जाये व आगामी माह हेतु उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में निर्देशित किया जाय।
- रोगी कल्याण समिति की शासी निकाय एवं कार्यकारी समिति की बैठकें नियमित अन्तराल पर आयोजित नहीं की जा रही हैं। बैठकों का आयोजन नियमित किये जाने का सुझाव दिया गया।
- जिला के सभी पीएचसी/सीएचसी लेखा कर्मियों की निष्चित अन्तराल में बैठक/प्रशिक्षण आयोजित की जानी चाहिए जिससे उनकी व्यवहारिक एवं कर सम्बन्धी सभी समस्याओं को दूर किया जा सके।
- कार्यवृत्त रजिस्टर सम्बन्धित बैठकों की कार्यवृत्ति पंजिका नियमित रुप से अद्यावधिक भरा जाय।
- जनरेटर/वाहन लाग बुक नियमित रुप से बनाई जाय एवं सम्बन्धित अधिकारी द्वारा ससमय नियमित रुप से प्रमाणित करा कर रखा जाय।
- नियमित अन्तराल पर जनपद स्तरीय व्यय भुगतान समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाना चाहिए, जिसमें सी0एच0सी0/पी0एच0सी स्तर के सभी सम्बन्धित कर्मियों को, जो लेखा पुस्तकों के रख–रखाव के लिए मुख्य रुप से जिम्मेदार हैं, बुलाया जाय। उनकी समस्याओं का तत्काल निवारण किया जाना भी अपेक्षित है।

| | | |
|---|---|---|
| **पूजा देवी**<br>**कार्यक्रम समन्वयक, मातृ स्वास्थ्य** | **रागिनी सिंह**<br>**परामर्शदाता, बाल स्वास्थ्य** | **डा0 लक्ष्मण सिंह**<br>**महाप्रबंधक,राष्ट्रीय कार्यक्रम** (NCD) |

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्साधिकारी,**
जनपद– जौनपुर, उत्तर प्रदेश।

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / SS visit / जौनपुर / 01 / 2023–24 /** दिनांक: 14-03-2024

**विषय– सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में ।**

महोदया,

अवगत कराना है कि कार्यालय पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / एनएच0एम0 / एम0एण्डई0 / 2023–24 / 04 / 320–2 दिनांक 13.04.2023 के माध्यम से प्रदत्त दिशा–निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 18 से 19 जनवरी 2024 के मध्य जनपद जौनपुर में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या तैयार की गयी है, जो कि पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर कार्यवाही कराते हुये आख्या 07 कार्यदिवसों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(डा0 पिंकी जोवल)
**मिशन निदेशक**

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / SS visit / जौनपुर / 01 / 2023–24 /** 9744-5 **तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, एन0एच0एम0, जौनपुर, उ0प्र0।
2. समस्त महाप्रबंधक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वाराणसी–मण्डल, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, वाराणसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबंधक एवं जनपद स्तरीय परामर्शदाता मातृ स्वास्थ्य, जौनपुर, एन0एच0एम0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(डा0 लक्ष्मण सिंह)
**महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कार्यक्रम**